
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पेयजल संकट बरकरार, जिले की आबादी पानी को तरसी

## पाइपों को ठीक करने के लिए स्थानीय स्तर पर मैकेनिक भी नहीं

**दिक्कतें**

■प्रतिदिन पांच एमएलडी की जगह तीन एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ। मुख्यालय में इन दिनों पेयजल संकट बरकरार है। लोगों को एक दिन छोड़कर नाममात्र पानी मिल रहा है। स्वयं पेयजल निगम खुद ऐसी जवाबदेही कर रहा है। बता दें कि जिले में योजना के तीनों लिफ्ट पंप खराब हो चुके है। इन पंपों के खराब पड़ने से प्रतिदिन पांच एमएलडी की जगह तीन एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है।

मुख्यालय में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई है। इलाके के लागों को पेयजल की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पेयजल निगम ने नगर की आपूर्ति और बढ़ाने के लिए आंवलाघाट पेयजल योजना में तीसरे वेल का निर्माण जनवरी माह में शुरू कर दिया था। जिसके मई माह में हर हाल में पूरा होने की उम्मीद थी। लागों को उम्मीद थी कि जून माह में नगर में पेयजल आपूर्ति में कुछ बढ़ोतरी होगी।

वही बारिश के चलते तीसरे वेल में मलबा भरने के साथ ही काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के समाचार मिल रहे है। जानकारी के मुताबिक योजना के पंपों में आई खराबी को स्थानीय स्तर पर ठीक करने के लिए मकैनिक भी उपलब्ध नही हो पा रहे है। वही मैकेनिकों को गाजियाबाद से बुलाने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बता दें कि पंपों में सुधार होने में काफी वक्त लगने के आसार नजर आ रहे है। वही देशव्यापी लाकडाउन के चलते पंपों के ठीक होने तक इलाके के लोगों को पानी की समस्या से अभी लंबे समय तक परेशानी के दौर से गुजरना पड़ सकता है।

मुख्यालय में पानी के लिए लागों को इधर से उधर चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। इलाके के लोगों को चिलचिलाती गर्मी में पानी की पूर्ति के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जिले में पेयजल की पूर्ति के लिए लगे हैण्डपंप भी खराब हो चुके है। लागों ने जल संस्थान की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिये है। वही इलाके के लोगों में काफी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता रंजीत धर्मशक्तू का कहना है कि जिले में योजना के खराब पड़े पाइपों को ठीक करने के लिए गाजियाबाद से मैकेनिकों को बुलाने में लंबा वक्त लग सकता है। इलाके के लोगों को ऐसे समय में धैर्य बनाकर चलना होगा। उनका साफ साफ यह भी कहना है कि पंपों में आई खराबी सुधार होने तक जिले की जनता को पेयजल समस्या और भी ज्यादा झेलनी पड़ सकती है। वही ऐसे हालातों में इलाके के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलने के आसार कम ही नजर आ रहे है। दूसरी ओर खराब पडे पंपों को बनाने के लिए मैकेनिकों का टोटा पड़ना लाज्मी लग रहा है।

## न्यूज डायरी

### क्वारंटाइन सेंटरों के बाहर चौबीस घंटे रहेंगें पुलिसकर्मी

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में बनाए गए 20 क्वारंटाइन सेंटरों में सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी गई है।वही सेंटर में प्रवेश करने वाले बाहरी व्यक्तियों पर कारवाई अमल में लाई जाने के समाचार मिले है। बता दें कि क्वारंटाइन सेंटर के आगे 24 घंटे पुलिस कर्मी तैनात किये जा रहे है। वही जिलाअधिकारी डा विजय कुमार जोगदडे ने कहा कि बाहर से जिले में आ रहे लोगों को 14 दिन तक का क्वारंटाइन आवश्कीय तौर पर करना होगा। वही उन्होने क्वारंटाइन सेंटर में रखी महिलाओं का स्वास्थ परीक्षण करने के लिए स्वास्थ विभाग की टीम को व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश भी दिये है।

### जिले में जारी है प्रवासियों का लौटने का सिलसिला

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में अब तक 17 बसों से लगभग पांच सौ से अधिक प्रवासी जिला मुख्यालय पहुंच रहे है। बता दें कि अब तक लौटे प्रवासियों में से सबसे ज्यादा तादात में अहमदाबाद पंजाब व गुरूग्रम से शामिल है। वही इन प्रवासियों की ऐंचोली स्थित चेक पोस्ट में थर्मल स्क्रीनिग की जा रही है। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद इन लोगों को क्वारंटाइन के लिए भेजा जा रहा है। वहि दूरदराज से आने वाले प्रवासियों को महाविधालय में रात्रि आराम कराने के बाद अगली सुबह उनके गंतव्यों तक बसों व टैक्सियों के माध्यम से पहुंचाया जाने के समाचार मिले है।

### नई बीएमडब्ल्यू एफ 900 आर एवं एफ 900 एक्सआर भारत में लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने आज भारत में नई बीएमडब्ल्यू एफ 900 आर एवं नई बीएमडब्ल्यू एफ 900 एक्सआर को लॉन्च किया। इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित मोटर साईकल्स बीएमडब्ल्यू मोटोराड डीलर नेटवर्क में कंप्लीटली बिल्ट.अप यूनिट्स (सीबीयू) के रूप में उपलब्ध होंगी। डाइनैमिक एवं प्रगतिशील नई बीएमडब्ल्यू एफ 900 आर रोड स्टर स्वतंत्रता एवं आधुनिक जीवनशैली का प्रदर्शन करती है। बीएमडब्ल्यू एफ 900 एक्सआर एडवेंचर स्पोर्टस टूरर स्पोर्टीनेस एवं टूरिंग क्षमताओं का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करती है। ये दोनों मोटर साईकल्स शानदार परफॉर्मेंस के साथ स्पोर्ट्स.स्टाईल डिजाईन एवं डाईनामिक्स का श्रेष्ठ मिश्रण हैं। श्री आर्लिंडो टेक्सैराए एक्टिंग प्रेसिडेंटए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रीमियम मोटर साईकल्स भारत में प्रस्तुत की हैं एवं मोटर साईक्लिंग प्रेमियों के बीच अपनी एक अलग जगह बना ली है।

## कोरोना से लड़ाई को मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए साढ़े तीन लाख रुपये

**संवाददाता** देहरादून। गुरुवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से कुर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद देहरादून के अध्यक्ष कमल रजवार ने परिषद के अन्य सदस्यों के साथ भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कोविड–19 के दृष्टिगत 3 लाख 72 हजार की धनराशि का चेक सौंपा। इस धनराशि में मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 2 लाख 21 हजार तथा पीएम केयर फंड के लिए दी गई 1 लाख 51 हजार की धनराशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने कुर्मांचल परिषद के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों में प्रदेशवासियों द्वारा यथासंभव सहयोग दिया जा रहा है, उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हम इस वैश्विक महामारी को रोकने में अवश्य सफल होंगे।

परिषद के अध्यक्ष श्री कमल रजवार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि परिषद के सदस्यों द्वारा इस विकट परिस्थिति में जरूरतमंदों को खाद्यान्न व मास्क आदि का वितरण के साथ ही प्रवासियों के घर वापसी में भी सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुर्मांचल समाज का हर सदस्य इस समस्या के समाधान में सहयोगी की भूमिका निभा रहा है।



# राजीव गांधी के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत

**संवाददाता**

**कांग्रेस ने राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए**

देहरादून, 21 मई। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने तहसील चौक स्थित राजीव गांधी काम्प्लेक्स में राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर राजपुर रोड विधानसभा के अन्तर्गत डिस्पेंसरी रोड स्थित राजीव गांधी की मूर्ति पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार व विधानसभा से पार्षद गणों व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर प्रीतम सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा 21वीं सदी के भारत की परिकल्पना के अनुरूप संचार क्षेत्र में हुई क्रांति स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है तथा आधुनिक भारत को प्रगति के पथ पर ले जाने, उच्च शिक्षा के लिए नए मापदण्ड बनाने, संचार क्षेत्र में हुई क्रांति का स्मरण करते हुए स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि आज के परिवेश में हमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। सूचना क्रान्ति में अग्रणी देश बनाने की बुनियाद भी राजीव गांधी ने डाली थी उन्हीं के प्रयासों के कारण आज विश्व के देश भारत को महाशक्ति बनते देख रहे हैं। सूचना तकनीक के क्षेत्र में भारत वर्ष की गिनती आज दुनिया के अग्रणी देशों में की जाती है जिसका श्रेय स्वर्गीय राजीव गांधी को है। स्वर्गीय राजीव गांधी ने 18 वर्ष की आयु के युवाओं को मतदान का अधिकार देकर देश की मुख्य धारा से जोड़ने तथा भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने की पहल की थी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उठाये गये कदमों से आज भारतीय महिलाएं देश के विकास में अपनी सहभागिता निभा रही हैं। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

## विधायक ने मसरी गांव पंहुच कर जाना पीडितों का हाल

**संवाददाता** पुरोला। लाकडाउन में रियासत मिलनें पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार ने मसूरी गांव पंहुच कर अग्नि कांड के पीडित परिवारों से मुलाकात कर हालचाल जाना व पीडितों को सीएम राहत कोष से हर संभव मकान नुकसान का मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। बीते अप्रैल माह में मोरी सुदूरवर्ती फते पर्वत पट्टी के मसरी गांव में रात को अचानक घटीत भिषण कांड गांव की अनुसूचित जाति बस्ती में 28 मकान जलकर राख है गये व 11 मकानों. व अन कुठारों को आंशिक रूप से नुकसान हुआ,हालांकि देर रात को ही स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पंहुच कर नुकसान जायजा लेकर पीडितों को खाधान्न,कंबल,वर्तन,आर्थिक सहायता के तौर पर धनराशि बांटी। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार ने मसूरी गांव पंहुच कर जंहा अग्नि कांड प्रभावित परिवारों का हालचाल जाना व आग से पूर्ण रूप से स्वाह क्षतिग्रस्त मकानों का 28 परिवारों को 5–5 हजार, आंशिक रूप से नुकसान हुए 11 परिवारों को ढाई हजार रुपये नगद आर्थिक मदद की जबकि पीड़ितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से भवन निर्माण, नुकसान को आर्थिक मदद देने को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता करने की आश्वासन दिया।